संख्या–पी–103 / 14–2–2017–800( 109) / 2017

प्रेषक,

आशीष तिवारी
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक (केन्द्रीय)
भारत सरकार, पर्यावरण,, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
क्षेत्रीय कार्यालय, केन्द्रीय भवन
पंचम तल सेक्टर एच, अलीगंज विस्तार
लखनऊ।

वन एवं वन्य जीव अनुभाग–2 लखनऊ, दिनांक 4 अक्टूबर 2017

विषयः– मुरादाबाद–बरेली–लखनऊ मार्ग एन0एच0–24 किमी0 163 से 164 के मध्य बायीं पटरी पर ग्राम मुस्तफाबाद के खसरा सं0–196 / 03 में सिटी एनर्जी लि0 मुरादाबाद द्वारा विकसित किये जा रह रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.1009 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 02 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी के पत्र संख्या–487 / मुरादाबाद / 23468 / 2017, ,दिनांक–18–8–2017 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके माध्यम से मुरादाबाद–बरेली–लखनऊ मार्ग एन0एच0–24 किमी0 163 से 164 के मध्य बायीं पटरी पर ग्राम मुस्तफाबाद के खसरा सं0–196 / 03 में सिटी एनर्जी लि0 मुरादाबाद द्वारा विकसित किये जा रह रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.1009 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 02 वृक्षों के पातन की अनुमति का प्रस्ताव अपने स्तर से परीक्षण करने के उपरान्त शासन को उपलब्ध कराया गया है। प्रस्ताव के अनुसार उक्त प्रयोजन हेतु मांगी गयी वनभूमि न्यूनतम है और इसके अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है। चूँकि प्रश्नगत कार्य जनहित में किया जा रहा है, अतएव प्रश्नगत वनभूमि को गैर वानिकी प्रयोग के लिये दिये जाने में विभाग को कोई आपत्ति नहीं है। नोडल अधिकारी द्वारा प्रस्तुत उक्त प्रस्ताव से शासन सहमत हैं।

2– अतएव उक्त प्रस्ताव मूल रूप में (एक प्रति) संलग्न कर प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया वन (संरक्षण) अधिनियम,1980 के प्राविधानों के अन्तर्गत स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।

संलग्नकः– यथोपरि।

भवदीय,

Tiwari

(आशीष तिवारी )
विशेष सचिव

संख्या–पी 103 (1) / 14–2–2017–तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, उ0प्र0,लखनऊ।
2– वन संरक्षक, मुरादाबाद वृत्त, मुरादाबाद।
3– जिलाधिकारी, मुरादाबाद।
4– प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, मुरादाबाद।
5– उप महाप्रबंधक सिटी एनर्जी मुरादाबाद।
6– निजी सचिव, प्रमुख सचिव, वन एवं वन्यजीव विभाग, उ0प्र0शासन।
7– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार सिंह )
अनुसचिव